हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 8 अप्रैल 2026



06 पट्टा भूमि पर कब्जाः बेघर हुआ बुजुर्ग दंपति, एक...





07 एक ही दुकान से किताबें बेचने पर लगेगा भारी...






## खबर संक्षेप

### 95 बालिकाओं को लगाई गई एचपीवी की वैक्सीन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सीहोर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है।

### बाल विवाह रोकने के हेल्पलाइन जारी

**सीहोर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के वन स्टॉप सेंटर द्वारा सीहोर के वार्ड क्रमांक 25 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर बाल विवाह रोकथाम के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक निधि शर्मा द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को बाल विवाह की रोकथाम के लिए संचालित कन्ट्रोल रूम के बारे में जानकारी दी और बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया कि यदि कहीं बाल विवाह होता दिखे तो इसकी जानकारी चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 तथा पुलिस आपातकालीन सेवा 112 पर तुरंत दें।

मां विजयासन धाम सलकनपुर के जंगलों में वन्य प्राणियों का लगातार बढ़ रहा मूवमेंट, सावधान रहने की हिदायत जारी

# पहाड़ी पर बाघ की दहशतः दुकानदारों ने जारी किया 'अलर्ट', श्रद्धालुओं से अकेले नहीं घूमने की अपील

वाट्सग्रुप पर दुकानदारों की अपील, बोले- दुकानें बंद करने के बाद 6-7 दुकानदार एक साथ निकले

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रसिद्ध देवी धाम मां विजयासन धाम सलकनपुर इन दिनों वन्य प्राणियों की हलचल के चलते चर्चा में है। मंदिर के पहाड़ी क्षेत्र और रास्तों पर पिछले कुछ दिनों से बाघ की सक्रियता देखी जा रही है, जिससे स्थानीय दुकानदार और श्रद्धालुओं में भय का माहौल है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दुकानदारों ने सावधानी बरतते हुए रात के समय विशेष सतर्कता बरतने की अपील जारी की है।

बता दें मंदिर परिसर में लगभग 200 दुकानें संचालित होती हैं। आमतौर पर यहां रात 9 बजे तक रौनक रहती है, लेकिन बाघ की आहट के बाद अब दुकानदार रात 8 बजे से ही अपनी दुकानें समेटना शुरू कर देते हैं। दुकानदार अरविंद मालवीय ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में अलग-अलग समय पर दो से तीन व्यापारियों को बाघ नजर आ चुका है।

### व्हाट्सएप ग्रुप पर अपील

व्यापारियों ने अपने व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से एक-दूसरे को सचेत किया है। मैसेज में स्पष्ट कहा गया है कि कोई भी दुकानदार दुकान बंद करने के बाद अकेला नीचे न उतरे। सुरक्षा की दृष्टि से 6-7 दुकानदार अपनी बाइकों के साथ एक समूह बनाकर निकल रहे हैं, ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।



### सेल्फी के चक्कर में जान को जोखिम में नहीं डालें आमजन

श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए दुकानदारों ने उनसे भी विशेष अपील की है। व्यापारियों का कहना है कि शाम ढलने के बाद श्रद्धालु मंदिर परिसर या रास्तों पर अकेले न घूमें। विशेषकर एकांत जगहों पर सेल्फी लेने के मोह में न पड़ें, क्योंकि अंधेरे और झाड़ियों का फायदा उठाकर जंगली जानवर हमला कर सकते हैं। श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे कोशिश करें कि रात 8 बजे से पहले ही मंदिर दर्शन कर सुरक्षित स्थानों की ओर प्रस्थान कर जाएं।

### भालू के बाद अब बाघ की दस्तक

यह पहली बार नहीं है जब सलकनपुर मंदिर क्षेत्र में वन्य प्राणी देखे गए हों। इससे पहले भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हुआ था, जिसमें भालू का एक परिवार रात के समय दुकानों के बाहर बैठा नजर आ रहा था। कभी-कभी दो से तीन भालू एक साथ परिसर में घूमते देखे जाते हैं। अब बाघ की सक्रियता ने इस चिंता को और बड़ा दिया है।



### बाघ की हलचल का कारण

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि सलकनपुर एक सघन वन क्षेत्र रहा है। पहले जंगल बहुत घना था, जिससे जानवर अंदरूनी हिस्सों में ही रहते थे। दुकानदार कहते हैं जंगली क्षेत्र होने के कारण यहां जानवर हमेशा से रहे हैं, लेकिन अब वन क्षेत्र में मानवीय दखल बढ़ने या पेड़ों की स्थिति बदलने से माहौल खुला-खुला हो गया है। इसके अलावा गर्मी बढ़ने के कारण वन्य प्राणी पानी की तलाश में पहाड़ी के रास्तों और रिहायशी हिस्सों की ओर आ रहे हैं।

## कॉलोनाईजर जबरन बना रहा है अन्नपूर्णा ड्रीम्स कॉलोनी में भारी वाहन निकालने के लिए सड़क



**सीहोर।** कालोनाईजर जबरन अन्नपूर्णा ड्रीम्स कालौनी में भारी वाहन निकालने के लिए सड़क बना रहा है जबकी कालोनी नगर पालिका के हैण्ड ओवर हो चुकी है। अन्नपूर्णा ड्रीम्स कालौनी पर अब कालोनाईजर का कोई भी हक नहीं है। नागरिकों ने कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में पहुंचकर विरोध दर्ज कराया है। नागरिकों का कहना है कि कालोनी समस्त शासकीय विभागो से स्वीकृत प्राप्त है। कालोनाईजर ने कवर्ड केम्पस के नाम पर ही प्लॉट बेचे है। कालोनाईजर के इशारे पर तथाकथित लोंगो द्वारा कालौनी की बाउण्ड्री तोड़कर बार बार सड़क बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जिस कारण नागरिक पूर्ण रूप से असुरक्षित हो गए है। नागरिकों ने कालोनाईजर पर नगर पालिका के हैण्ड ओवर कालोनी में जबरन सड़क बनाने और कालोनी की दीवार तोडऩे वाले लोगों पर सख्त कार्रवाही करने की मांग की है। कलेक्ट्रेट पहुंचे नागरिकों ने बताया कि गणेश मंदिर रोड़ स्थित कुल क्षेत्रफल 2.465 हैक्टेयर में अन्नपूर्णा ड्रीम्स कालौनी निर्मित है। जिस में बच्चों के लिए खेलने और बुजुर्गो के लिए योगा आदि के लिए पार्क है,कालौनीवासियों की अपनी सुरक्षित निजी प्रायवेसी है। कालौनी की बाउण्ड्री के बाहर चारो तरफ रास्ते मौजूद है। यह रास्ते आसपास लगी हुई भूमियों तक जाते है लेकिन जमीनो की खरीद फरोख्त करने वाले कुछ लोगो द्वारा हमारी कालौनी की बाउण्ड्री बाल को तोड़कर निजी रास्ता बना दिया जाता है। कालौनीवासियों द्वारा एक राय होकर पुनः बाउण्ड्री बना ली गई है। जबकी अन्नपूर्णा ड्रीम्स कालौनी के बाहर सर्वे नंबर 16, 17, 21 अथवा अन्य नंबरों पर आने जाने के अन्य रास्ते पूर्व से ही मौजूद है। कालोनाईजर का अब कोई अधिकार अन्नपूर्णा ड्रीम्स कालौनी पर नहीं है। शासन प्रशासन से मांग की है कि कालौनीवासियों को सुरक्षा प्रदान की जाए।

## एसपी ने सुनी आमजन की समस्याएं प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश



**सीहोर।** आमजन की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सीहोर में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद किया।

प्रत्येक मंगलवार को होने वाली इस जनसुनवाई में एसपी श्री शुक्ला ने एक-एक कर सभी आवेदकों की समस्याओं को विस्तार से सुना। जनसुनवाई में कुल 16 शिकायतकर्ता उपस्थित हुए, जिन्होंने अपनी विभिन्न समस्याओं और शिकायतों से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया।

प्राप्त शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस अधीक्षक ने प्राथमिकता से कार्यवाही हेतु संबंधित थाना प्रभारियों और राजपत्रित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

### कलेक्टर ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 66 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




## रेत माफिया ने नर्मदा नदी के बीच में बना लिया था रेत निकालने के लिए रास्ता



**सीहोर।** रेहटी के जहाजपुरा क्षेत्र में अवैध रेत खनन और परिवहन पर लगाम कसने के लिए खनिज विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। माफियाओं द्वारा रेत के अवैध परिवहन को सुगम बनाने के लिए नदी के बीचों-बीच जो रेत का रास्ता (अस्थायी रोड) तैयार किया गया था, उसे विभाग की टीम ने पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है।

खनिज विभाग को सूचना मिली थी कि जहाजपुरा क्षेत्र में नदी मार्ग पर माफियाओं ने मशीनों की मदद से अवैध रूप से रास्ता बना लिया है, ताकि भारी वाहन आसानी से नदी के भीतर प्रवेश कर सकें और रेत का अवैध उठाव कर सकें। सूचना मिलते ही खनिज विभाग की इंस्पेक्टर खुशबू वर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई और मौके पर दबिश दी गई।

मौके पर पहुंची टीम ने देखा कि नदी के प्राकृतिक स्वरूप से छेड़छाड़ कर रेत से एक पक्की डगर बना ली गई थी। इंस्पेक्टर खुशबू वर्मा के निर्देशन में विभाग की टीम ने बिना देरी किए इस अवैध रोड को तोडऩे की कार्रवाई शुरू की। जेसीबी की मदद से रेत से बने इस रास्ते को उखाड़ फेंका गया, ताकि वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद हो सके।



### माफियाओं में मचा कार्रवाई से हड़कंप

खनिज विभाग की इस अचानक हुई कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध माफियाओं में हडक़ंप मच गया। टीम के पहुंचने की भनक लगते ही अवैध काम में लगे लोग मौके से भाग निकले। जिला खनिज विभाग की इस कार्रवाई ने स्पष्ट संदेश दे दिया है कि अवैध खनन को बढ़ावा देने वाले किसी भी निर्माण को टिकने नहीं दिया जाएगा। नदी के रास्तों को अवरुद्ध करना और अवैध सडक़ें बनाना कानूनन अपराध है। आने वाले दिनों में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस एक्शनः 5 केस दर्ज, एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेस कर किया खुलासा

# एक जमीन, 11 शिकार, दंपति ने डेढ़ करोड़ ठगे, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर में जमीन खरीदने का सपना देखने वाले लोगों के साथ बड़ा खेल हो गया। एक ही कृषि भूमि को कई लोगों को बेचकर पति-पत्नी ने ऐसा ठगी का जाल बिछाया, जिसमें करीब डेढ़ करोड़ रुपये की रकम हड़प ली गई। अब इस पूरे मामले में पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए आरोपियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नोनीखेड़ी में रहने वाले दीनदयाल शर्मा और उनकी पत्नी वैशाली शर्मा ने एक ही जमीन को अलग-अलग लोगों को बेचने का खेल रचा। खसरा नंबर 537/04 की इस जमीन को कई खरीदारों के नाम विक्रय करने के लिए फर्जी तरीके से सौदे किए गए। हर व्यक्ति से अलग-अलग रकम और चेक लेकर उन्हें भरोसे में लिया गया, लेकिन असल में यह सब एक सोची-समझी साजिश थी।



### डेढ़ करोड़ की ठगी, 11 शिकायतों से खुला राज

पुलिस के अनुसार अब तक कुल 11 लोगों ने लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिनमें से पांच मामलों में प्राथमिक जांच के बाद अपराध दर्ज किया गया है। इन पांच मामलों में करीब 1.5 करोड़ रुपये की ठगी की पुष्टि हुई है। शिकायतकर्ताओं में भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों के निवासी शामिल हैं, जिनमें दीपक मिश्रा, गुलाब सिंह राठौड़, जितेंद्र सिंह, दिनेश कुमार सिंह और आरएन साहू जैसे लोग शामिल हैं। इन सभी ने आरोप लगाया कि उन्हें जमीन बेचने के नाम पर झांसा देकर बड़ी रकम हड़प ली गई।

### पुलिस एक्शनः 5 केस दर्ज, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत पांच प्रकरण दर्ज किए हैं। पुलिस ने मुख्य आरोपी दीनदयाल शर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। वहीं अन्य मामलों में गिरफ्तारी अभी बाकी है और पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### जांच जारीः और नामों के खुलासे की उम्मीद

पुलिस अब इस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है। अन्य शिकायतों और संदिग्ध लोगों की भूमिका को भी खंगाला जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जैसे-जैसे साक्ष्य मिलेंगे, वैसे-वैसे और आरोपियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस ठगी कांड ने इलाके में हड़कंप मचा दिया है और लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दे दी है।

### दलालों का नेटवर्क और फर्जी खरीदारों की चाल

जांच में यह भी सामने आया है कि इस ठगी में केवल पति-पत्नी ही नहीं, बल्कि उनके साथ कुछ दलाल और सहयोगी भी शामिल थे। ये लोग पहले ग्राहकों को जमीन खरीदने के लिए फंसाते थे, फिर फर्जी खरीदार बनाकर ज्यादा कीमत का लालच देते थे। इस चाल में फंसकर लोग जल्दी सौदा करने के चक्कर में अपनी रकम गंवा बैठते थे।


WE ARE HIRING

Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh 24x7 Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप



### सीहोर चिल्ड्रन ने सीहोर मिनी वाइज को 2-0 से हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर सोमवार को भाजपा के स्थापना दिवस के मौके पर हर साल की तरह इस साल भी फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें शाम को खेले गए एक तरफा मुकाबले में सीहोर चिल्ड्रन ने सीहोर मिनी वाइज को 2-0 से हराया। इसके अलावा यहां पर जारी निशुल्क प्रशिक्षण के दौरान सीहोर क्लब, सीहोर बाइज, सीहोर चिल्ड्रन, डीएसवायडब्ल्यू, मिनी बाइज आदि टीम के खिलाड़ियों ने अभ्यास किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला फुटबाल एसोसिएशन के पदाधिकारी कमलेश अग्रवाल, आनंद उपाध्याय, मनोज कन्नोजिया आदि ने किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि सोमवार को खेले गए, इस मुकाबले में सीहोर चिल्ड्रन की ओर से वरुण-अक्षांत ने एक-एक गोल किया था। जिसके बदौलत सीहोर चिल्ड्रन की टीम ने सीहोर मिनी वाइज टीम को 2-0 से हराया।

### फरवरी माह में 2,45,530 रुपए कीमत की मदिरा जब्त

**सीहोर।** एसपी दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को जिले में अवैध शराब के विक्रय एवं परिवहन रोक लगाने और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके तहत पुलिस द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जिले की पुलिस द्वारा मार्च माह में जिले के अनेक क्षेत्रों में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के लिए सघन चेकिंग की गई और कार्यवाहियां भी की गईं। पुलिस विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि मार्च माह में अवैध मदिरा के विरूद्ध 95 प्रकरण कायम किए गए, जिनमें 2,45,530 रूपये कीमत की 606 लीटर मदिरा जब्त की गई और आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

### 853 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 07 अप्रैल को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 648 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 205 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 110 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।


प्रशासन की अनदेखी पर सवाल, सीमांकन में गड़बड़ी के आरोप: घटना हुई तो जिम्मेदार होगा प्रशासन

# पट्टा भूमि पर कब्जा: बेघर हुआ बुजुर्ग दंपत्ति, एक हफ्ते से तहसील परिसर में भूख हड़ताल पर बैठे

दंपत्ति ने लगाया आरोप है कि गांव के ही कुछ लोग रामसरस, मनोहर, बंसी, चिंता बाई, गोविंद, जीवन, सोनू, जितेंद्र, विनोद, रामावतार, अंकित और धर्मेंद्र-ने मिलकर उनकी कब्जाधारी पट्टा भूमि और झोपड़ी पर जबरन कब्जा कर लिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





तहसील क्षेत्र के ग्राम गुलरपुरा में पट्टा भूमि विवाद ने एक बार फिर प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वर्षों से जिस शासकीय पट्टा भूमि पर झोपड़ी बनाकर रह रहे बुजुर्ग दंपत्ति को अब बेघर होना पड़ा है। न्याय की गुहार लगाते-लगाते थक चुके लक्ष्मीनारायण (पुत्र हजारीलाल) और उनकी पत्नी बीते एक सप्ताह से भैरूंदा तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

पीड़ित दंपत्ति का आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों—रामसरस, मनोहर, बंसी, चिंता बाई, गोविंद, जीवन, सोनू, जितेंद्र, विनोद, रामावतार, अंकित और धर्मेंद्र-ने मिलकर उनकी कब्जाधारी पट्टा भूमि और झोपड़ी पर जबरन कब्जा कर लिया। हालत यह है कि अब उनके पास रहने के लिए कोई स्थान नहीं बचा और वे दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

### दो साल से लगा रहे गुहार, नहीं मिली सुनवाई

लक्ष्मीनारायण का कहना है कि वे पिछले दो वर्षों से कलेक्टर कार्यालय से लेकर स्थानीय तहसील प्रशासन तक कई बार आवेदन दे चुके हैं, तो वहीं जिले में जनसुनवाई में भी आवेदन पत्र सौंप चुके लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला। प्रशासनिक उदासीनता के चलते उनकी समस्या जस की तस बनी रही और अंततः उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा।

### चिलचिलाती धूप में संघर्ष, खुले आसमान के नीचे रात

1 अप्रैल 2026 से शुरू हुई इस भूख हड़ताल में बुजुर्ग दंपत्ति दिनभर तपती धूप में बैठे रहते हैं और रात खुले आसमान के नीचे गुजार रहे हैं। भूखे प्यासे, बुजुर्ग दंपत्ति की हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। उन्होंने ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि इस दौरान उनके साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**सीमांकन में गड़बड़ी का आरोप, रास्ता तक हुआ बंद :** मामले ने तब और गंभीर रूप ले लिया जब पीड़ित ने सीमांकन प्रक्रिया पर ही सवाल उठा दिए। उनका आरोप है कि नायब तहसीलदार और पटवारी द्वारा की गई नाप-जोख में अनियमितताएं बरती गईं। पड़ोसी रामावतार की जमीन का सीमांकन करते समय उनकी कब्जाधारी शासकीय भूमि पर बनी झोपड़ी के आसपास की भूमि भी उसी में शामिल कर दी गई, जिससे उनके घर तक आने-जाने का रास्ता तक बंद हो गया। पड़ोसी ने फसल उगाकर खेती वाडी शुरू कर दी।

**दस्तावेजों के लिए भटकते रहे, नहीं मिली नकल :** पीड़ित का यह भी आरोप है कि सीमांकन की नकल और पंचनामा की प्रति प्राप्त करने के लिए उन्होंने कई बार तहसील कार्यालय के चक्कर लगाए, ताकि पुलिस में शिकायत दर्ज करा सकें, लेकिन उन्हें कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया। इससे उनकी परेशानी और बढ़ गई है।

### प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

पूरा मामला सामने आने के बावजूद अब तक न तो तहसील प्रशासन और न ही जिला प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई की गई है। वहीं पुलिस की भूमिका भी सवालों के घेरे में है।


### न्याय नहीं मिला तो उठाएंगे कठोर कदम

लक्ष्मीनारायण ने कहा कि यदि जल्द ही उनकी जमीन वापस नहीं दिलाई गई और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उनकी पत्नी दोनों मिलकर जान देने को तैयार हैं। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की रहेंगी। उन्होंने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की मांग की है। यह मामला न केवल एक बुजुर्ग दंपति के आशियाने से जुड़ा है, बल्कि प्रशासनिक संवेदनहीनता और व्यवस्था की धीमी कार्यप्रणाली को भी उजागर करता है। अब देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारी कब तक चुप्पी साधे रहते हैं या फिर पीड़ितों को उनका हक दिलाने के लिए कोई ठोस कदम उठाते हैं।

### क्या बोले अधिकारी

एसडीएम सुधीर कुशवाह का कहना है कि पड़ोसी के सीमांकन के दौरान संबंधित पट्टा भूमि में कच्चा मकान आया है। नायब तहसीलदार और पटवारी द्वारा मौके पर पहुंचकर बुजुर्ग दंपत्ति को घर छोड़ने तक की व्यवस्था भी की गई थी, लेकिन दंपत्ति अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। वे सुरक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे हैं। दिन में वे कही चले जाते हैं, जबकि शाम होते ही तहसील परिसर में आकर बैठ जाते हैं, जिससे वहां असहज स्थिति बनी हुई है।

## अष्टमूल संस्कार कराने से जीवन उठता है ऊपर: मुनि संस्कार सागर महाराज




**सीहोर।** श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे मुनि श्री संस्कार सागर जी छुल्लक श्री कमल सागर महाराज के सानिध्य मे प्रातः भगवान आदिनाथ की प्रतिमा के अभिषेक शांति धारा नित्य नियम पूजन अर्चना धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर श्रध्दालुओ ने धर्म लाभ अर्जित किया। तत्पश्चात धर्म सभा मे मुनिश्री के प्रवचन के बाद अष्टमूल संस्कार विधी विधान से संपन्न हुआ।

अष्टमूल संस्कार मे 10 वर्ष से अधिक उम्र के बालक, युवक, ,युवतियो, महिला, पुरुष ने अष्टमूल संस्कार विधी विधान से लेने के लिए 13 सूत्रीय नियमावली संकल्प पत्र भरकर मुनि श्री संस्कार सागर छुल्लक श्री कमल सागर महाराज के समक्ष 51 श्रध्दालुओ ने श्री फल भेटकर चरण स्पर्श करते हुए आग्रह किया।

तत्पश्चात मुनि श्री, छुल्लक श्री ने अष्टमूल संस्कार विधी विधान से श्रध्दालुओ को अष्टमूल संस्कार के नियम से जीवन यापन करने के लिए संकल्पित किया। इससे पूर्व धर्म सभा मे श्रध्दालुओ को संबोधित करते हुए मुनिश्री संस्कार सागर जी महाराज ने प्रवचन के दौरान अष्टमूल संस्कार पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए समझाते हुए बताया की। ये दुलर्भ मानव जीवन मिला है व्यसनों मे पाप कर्म करने के लिए नहीं मिला है। ये जीवन को संयम, तप, त्याग अच्छे पूण्य वर्धक कार्य करने के लिए मिला है। जैन कुल में जन्म लेने के बाद भी हम इस रहस्य को नहीं समझ पाए तो ये जीवन ही व्यर्थ है। अष्टमूल संस्कार कराने से जीवन ऊपर उठ जाता है। विशुद्धि कट जाती है अशुभ कर्म की निर्जरा होती है। गुरु के हाथो से संस्कार होता है तो जिनके संस्कार नहीं होते वे कितनी ही पूजा कर ले, कितने ही अभिषेक कर ले, कितने ही आहार दे दे सब निष्फल होते हैं। गुरु आपको मार्ग बतला सकते हैं लेकिन, चलना आपको ही पड़ेगा। जिनके अंदर करुणा नहीं वे क्या इंसान है। हिंसात्मक वस्तु का उपयोग करने पर हिंसा का दोष लगता है। दोपहर मे स्वाध्याय धार्मिक शिक्षण कक्षा मे श्रध्दालुओ ने ज्ञानार्जन किया। संध्या को गुरु भक्ति संगीतमय भजन कीर्तन कर श्रध्दालुओ ने भगवान का स्मरण किया।

### आदिगौड़ बावीसा ब्राह्मण समाज की नई कार्यकारिणी गठित



**भैरूंदा।** आदिगौड़ बावीसा ब्राह्मण समाज शाखा भैरूंदा-रेहटी की एक महत्वपूर्ण बैठक गत दिवस गुड़ बाजार स्थित गणेश मंदिर में संपन्न हुई। इस बैठक में समाज के उत्थान और संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है। बैठक में मौजूद समाजजनों ने पूर्व पदाधिकारियों का कार्यकाल पूर्ण होने पर नई टीम की जिम्मेदारी तय की। सर्वसम्मति से प्रदीप माकवा को समाज का नया अध्यक्ष चुना गया है। उनके साथ समाज को गति देने के लिए उपाध्यक्ष पद पर राजेंद्र पाराशर, शिरीष व्यास और किरण व्यास को मनोनीत किया गया है। संगठन को सुचारू रूप से चलाने के लिए अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भी नियुक्तियां की गईं, जिसमें सचिव पद पर दीक्षांत व्यास की नियुक्ति की गई, जबकि कोषाध्यक्ष भरत शर्मा, सहसचिव मनोज माकवे, जितेंद्र व्यास, पूर्णिमा भरत शर्मा, साधना कौशल शर्मा और संजय व्यास शामिल हैं। नवनियुक्त अध्यक्ष प्रदीप माकवा और उनकी टीम को समाजजनों ने पुष्पमाला पहनाकर बधाई दी। समाज के वरिष्ठ जनों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि यह नई कार्यकारिणी समर्पण, एकता और निष्ठा के साथ कार्य करते हुए समाज को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि वे समाज के विकास और एकता के लिए पूरी ईमानदारी से प्रयास करेंगे। बैठक के अंत में आदि गौड़ बावीसा ब्राह्मण समाज शाखा भैरूंदा-रेहटी द्वारा समस्त समाजजनों से सहयोग और सहभागिता की अपील की गई।

## समर्थन मूल्य पर चना-मसूर की खरीदी अधर में तारीख बीतने के बाद भी केंद्रों पर पसरा सन्नाटा

### किसान परेशान: विभागों के बीच सामंजस्य नहीं बैठने से शुरू नहीं हो सकी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

समर्थन मूल्य पर चना और मसूर की खरीदी को लेकर प्रशासनिक दावे और जमीनी हकीकत में बड़ा अंतर नजर आ रहा है। शासन की घोषणा के अनुसार सोमवार 30 मार्च से संपूर्ण जिले में खरीदी प्रक्रिया शुरू की जानी थी। लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से पटरी पर नहीं लौट सकी हैं। आलम यह है कि कुछ चुनिंदा केंद्रों पर महज रस्म अदायगी के लिए कांटा पूजन कर वैकल्पिक शुभारंभ तो कर दिया गया। लेकिन वास्तविक तुलाई शुरू होने में अभी तीन से चार दिन का अतिरिक्त समय लग सकता है। विभागीय स्तर पर सामंजस्य की कमी और अधिकारियों की कार्यप्रणाली के चलते जिले का अन्नदाता अपनी उपज बेचने के लिए भटकने को मजबूर है।

खरीदी को लेकर विभागीय स्तर पर मची खींचतान का सीधा असर किसानों की स्लाट बुकिंग पर पड़ा है। पहले दिन जिले भर में स्लाट बुकिंग की संख्या बेहद निराशाजनक रही। भेरूंदा क्षेत्र की बात करें तो यहाँ महज दो किसानों ने ही चना बिक्री के लिए अपना स्लाट बुक कराया था। वर्तमान में स्थिति यह है कि पोर्टल पर स्लाट बुकिंग की प्रक्रिया को ही ठप कर दिया गया है। जिससे किसान अब यह भी तय नहीं कर पा रहे हैं कि वह अपनी फसल लेकर समर्थन मूल्य केन्द्रों पर कब पहुँचें। खरीदी शुरू करने की तिथि घोषित होने के बावजूद विभागीय स्तर पर स्थितियां स्पष्ट नहीं हो पा रही हैं, जिससे किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

### चना के 8356 मसूर के 3229 पंजीयन हो चुके हैं

जिले में चना विक्रय के लिए 8356 और मसूर के लिए 3229 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। शासन ने चने का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5875 रुपये और मसूर का 7000 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। पंजीयन के आंकड़ों पर नजर डालें तो भेरूंदा में सर्वाधिक 2167 किसानों ने चने के लिए पंजीयन कराया है। जबकि आष्टा में 1580, इछावर में 1319 और बुदनी में 1485 किसान कतार में हैं। रेहटी क्षेत्र में चने के लिए 623 पंजीयन हुए हैं। लेकिन यहाँ मसूर के लिए एक भी पंजीयन नहीं हुआ है। इतनी बड़ी संख्या में किसानों के जुड़ाव के बावजूद प्रशासन की सुस्ती ने खरीदी अभियान पर सवालिया निशान लगा दिए हैं।

### नहीं बन पा रही विभागों के बीच सहमति, पिस रहा किसान

सूत्रों के अनुसार खरीदी प्रक्रिया शुरू न होने के पीछे मुख्य कारण नेफेड और मार्कफेड जैसी एर्जेसियों के बीच आपसी सहमति न बन पाना है। पिछले दिनों हुई उच्च स्तरीय बैठक में नेफेड के अधिकारियों ने प्रस्ताव रखा कि चना और मसूर की खरीदी मंडी प्रांगण में खुले में की जाए और वहीं से सीधे परिवहन सुनिश्चित हो। वहीं,स्थानीय खरीदी संस्थानों ने इस पर आपत्ति जताते हुए तर्क दिया कि वर्तमान में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। बेमौसम बारिश की आशंका के चलते खुले में रखी उपज खराब हो सकती है। इसी विवाद के कारण खरीदी अटकी हुई है और अधिकारी ठोस निर्णय लेने के बजाय जिम्मेदारी एक-दूसरे पर टाल रहे हैं। वहीं दूसरी ओर देखा जाए तो वर्तमान परिस्थितियों में किसान दोहरी मार झेल रहा है। एक तरफ चने की खरीदी में देरी हो रही है तो दूसरी ओर गेहूं की खरीदी को लेकर भी जिले में स्थितियां संतोषजनक नहीं हैं।

## मप्र शिक्षक संघ ने विधायक सुदेश राय को सौंपा ज्ञापन



**सीहोर।** सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा दिनांक 19/09/ 2025 को दिए गए टी ई टी निर्णय पर पुनर्विचार याचिका लगाने एवं विधायी हस्तक्षेप हेतू आज दिनांक 7 अप्रैल 2026 को सीहोर के विधायक सुदेश राय को मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी द्वारा ज्ञापन सौंपा गया एवं विधायक महोदय से अनुरोध किया गया कि वह अपने कार्यालय द्वारा इस पत्र को शिक्षा शिक्षा मंत्री मध्य प्रदेश शासन को हस्तांतरित करें जिससे कि सरकार पर यह दबाव बना सके कि वह माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध पुनर्विचार याचिका दायर की जा सके।

इसी क्रम में दिनांक 12 अप्रैल 2026 को सीहोर डाइट में म प्र शिक्षक की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन भी किया जाना है। इस बैठक में संपूर्ण म प्र के प्रत्येक जिले से लगभग 300 शिक्षक पदाधिकारियों को भाग लेना है। इस अवसर पर प्रांतीय आयाम प्रमुख विनय सिंह चौहान प्रांतीय सचिव अनिल सिंह मुक्तावत जिला सचिव जितेन्द्र सिंह राठौड़, जिला कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव, संगठन मंत्री बीपी चंद्रवंशी एवं लोकेश उपाध्याय,लखनलाल महेश्वरी, राकेश केलोदिया, एकलव्य चाहर आदि उपस्थित रहें।

अहिरवार समाज के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और सदस्यों ने दिया वर-वधु को आशीर्वाद

# सादगी की दी मिसाल, संत रविदास मंदिर में संपन्न हुआ विवाह, पेश की फिजूलखर्ची रोकने की नई राह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आज के दौर में जहां शादियां दिखावे और भारी-भरकम खर्चों का पर्याय बनती जा रही हैं, वहीं अहिरवार समाज ने सादगी की मिसाल पेश की है। शनिवार को श्यामपुर स्थित बोधिसत्व सत्व गुरु रैदास मंदिर में एक सादगीपूर्ण विवाह समारोह आयोजित किया गया, जिसकी चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है।

ग्राम श्यामपुर के गुरु रैदास मंदिर में शनिवार को वर अशोक और वधू सीमा परिणय सूत्र में बंधे। इस विवाह की खास बात यह रही कि इसमें किसी भी प्रकार की फिजूलखर्ची नहीं की गई। मंदिर की पवित्र मर्यादा के बीच समाज के वरिष्ठों की उपस्थिति में सभी वैवाहिक रस्में पूरी की गईं। परिजनों ने बताया कि धार्मिक स्थल पर विवाह करने का मुख्य उद्देश्य समाज को यह संदेश देना है कि संस्कारों के लिए चमक-धमक नहीं, बल्कि अपनों का आशीर्वाद जरूरी है।

### समाजजनों ने दिया आशीर्वाद



इस अवसर पर अहिरवार समाज के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित मंशा राम अहिरवार ने नवदम्पत्ति को आशीर्वाद देते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों पर विवाह संपन्न कराने से न केवल समाज में सादगी का संदेश जाता है, बल्कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ भी कम होता है। विवाह के दौरान विष्णु प्रसाद अहिरवार, मंशाराम अहिरवार, विश्राम सिंह अहिरवार, विनोद बडोदिया, मांगीलाल अहिरवार और लखनलाल अहिरवार सहित अनेक समाजजन मौजूद रहे। बता दें कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा अध्यक्ष रवि शंकर अहिरवार, उपाध्यक्ष अमित अहिरवार और सचिव राजकुमार अहिरवार की सक्रिय भूमिका रही।

## जेल में कैदियों को दिया जा रहा कौशल प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर स्थित जिला जेल में बैंक ऑफ इंडिया स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा बंदियों के लिए 12 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। प्रशिक्षण में 40 बंदियों को विभिन्न कलाओं जैसे प्लम्बरिंग कार्य, मोटर रिपेयरिंग, इलेक्ट्रीशियन कार्य, ड्रेस डिजाइनिंग, मोटर बाईडिंग, मोमबत्ती निर्माण, अगरबत्ती निर्माण, साबुन निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के बाद बंदियों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किए जाएंगे। यह प्रशिक्षण बंदियो को जेल से छूटने के बाद स्वरोजगार पाने में सहायक होगा।

जल अधीक्षक प्रतिभा पटेल ने बताया कि जेल प्रशासन द्वारा बंदियों को कौशल प्रशिक्षण दिलाकर समुदाय में उनके पुनर्वास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

### टीएल बैठक में शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों को कलेक्टर के निर्देश

# एक ही दुकान से किताबें बेचने पर लगेगा भारी जुर्माना

## सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा राजस्व, ऊर्जा, महिला एवं बाल विकास तथा खाद्य एवं नगरीय आपूर्ति विभाग को निर्देशित किया गया कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय-सीमा में अनिवार्य रूप से निराकरण किया जाए तथा प्रत्येक शिकायत पर पोर्टल में संतोषजनक उत्तर दर्ज किया जाए। बैठक में सार्थक की विभागवार समीक्षा भी की गई। जिन विभागों द्वारा ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं की जा रही है, उनसे नोटशीट पर कारण सहित विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

इसके साथ ही कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा समग्र ई-केवायसी एवं डिलीशन की ग्राम पंचायतवार गहन समीक्षा की गई। जिन ग्राम पंचायतों में प्रगति कम पाई गई, उन्हें आगामी समय सीमा बैठक तक प्रगति में सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए गए। साथ ही जनपद पंचायत खिलचीपुर के सीईओ को पिपलायकलां एवं रणारा ग्राम पंचायतों में समग्र ई-केवायसी की प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी जनपद सीईओ को लंबित समग्र ई-केवायसी के डाटा की नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में संबल योजना एवं समग्र की लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। सभी जनपद सीईओ से समग्र की लंबित प्रकरणों के संबंध में स्पष्टिकरण प्राप्त किया गया।



कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा निर्देश दिए गए कि छात्रावासों का निरीक्षण जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा किया जाए। इसके लिए आवश्यक आदेश जारी करने हेतु संबंधित अधिकारी अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग (डीओटीडब्ल्यू) को निर्देशित किया गया। बैठक में अनुपस्थित रहने पर पीएचई एवं जल निगम के अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने तहसीलदार खुजनेर एवं तहसीलदार नरसिंहगढ़ को हिट एंड रन प्रकरणों की जानकारी उपलब्ध न होने तथा लंबित कृषक कल्याण प्रकरणों की जानकारी न होने पर नोटिस जारी किया गया। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा भी की गई तथा कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नरवाई प्रबंधन को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए निर्देश दिए कि नरवाई जलाने की घटनाओं पर तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए तथा जुर्माना लगाया जाए। सभी एसडीएम को इस संबंध में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पटवारी एवं आरआई द्वारा कार्रवाई नहीं करने की स्थिति में उनके विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। साथ ही उन्होंने निजी विद्यालयों को निर्देशित किया गया कि निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करें। एक ही दुकान से पुस्तक क्रय कराने की अनिवार्यता, पुस्तकों के अत्यधिक मूल्य तथा अन्य अनियमितताओं पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। 3 दिवस का अंतिम अवसर प्रदान करते हुए सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, अन्यथा 2 लाख रुपये तक का अर्थदंड लगाया जाएगा।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी एसडीएम, विशेष रूप से ब्यावरा क्षेत्र में, निजी विद्यालयों के सख्त निरीक्षण के निर्देश दिए तथा कहा कि किसी भी प्रकार की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही पुस्तक मेले की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए तथा एनसीईआरटी पुस्तकों को बढ़ावा देने के लिए भी कहा गया। बैठक में लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने समय-सीमा से बाहर लंबित आवेदनों पर प्रति प्रकरण 1-1 हजार रूपये का अर्थदंड भी संबंधित अधिकारियों पर लगाया गया। जिनमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी माचलपुर श्री देवेंद्र वत्स, सचिव ग्राम पंचायत रनारा जनपद पंचायत खिलचीपुर श्री प्रेम सिंह दांगी व सचिव ग्राम पंचायत भाटखेडी जनपद पंचायत ब्यावरा रमेश चन्द्र नागर शामिल है।

# भाजपा स्थापना दिवस पर ध्वजारोहण वरिष्ठ कार्यकर्ता का सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर नगर में उत्साह और संगठनात्मक एकजुटता के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर मंत्री गौतम टेटवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात भाजपा कार्यालय में विधिवत ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ, जहां पार्टी का ध्वज फहराकर कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता नारायण प्रसाद सोनी जी का सम्मान भी किया गया। उन्हें संगठन के प्रति उनके लंबे समय से किए जा रहे योगदान और सक्रिय भूमिका के लिए विशेष रूप से सराहा गया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना राष्ट्रहित और सेवा भाव के उद्देश्य से हुई थी, और आज पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित हो चुकी है। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को आम जनता तक पहुंचाएं।



# विधायक कार्यालय में उत्साहपूर्वक मनाया गया भाजपा का 47वां स्थापना दिवस

**जीरापुर।** स्थानीय विधायक कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्टी के संस्थापक एवं पितृ पुरुष, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।



इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी एवं भाजपा के समस्त पदाधिकारियों ने कार्यालय परिसर में पार्टी का ध्वज फहराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री दांगी ने कहा , केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण आज गांव-गांव में ऐतिहासिक विकास हुआ है। इन योजनाओं से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोग आत्मनिर्भर बने हैं, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है और महिला सशक्तिकरण को नई गति मिली है। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश पुरोहित ने जनसंघ के दौर से लेकर 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना तक की संघर्ष यात्रा पर प्रकाश डाला। इस गौरवमयी अवसर पर रामचरण किरार, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, ईश्वर तोमर, पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णुसिंह पंवार, शिवराज सिंह चौहान, देवकीनंदन जमींदार, वंदना दांगी सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन मंडल महामंत्री रमेशचंद्र शर्मा ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा ने समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया है।

## नवांकुर संस्था ने दीवार लेखन कर ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरुक किया



माचलपुर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के 'जलगंगा संवर्धन अभियान 2026' के अंतर्गत नवांकुर संस्था श्री महावीर चाठा कुंडी बालाजी शिक्षण समिति द्वारा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। संस्था के अध्यक्ष दिनेश कुमार लववंशी एवं कोषाध्यक्ष राधेश्याम लववंशी के नेतृत्व में टीम ने दीवार लेखन के माध्यम से जल सहेजने का संदेश दिया। अभियान के दौरान माचलपुर नगर सहित ग्राम झरनिया, जामगांव, मल्हारपुरा और सुंदरपुर के मुख्य चौराहों, पंचायत भवनों तथा पुराने कुओं के पास प्रेरक नारे लिखे गए। ₹जल है तो कल है₹ और ₹बावड़ी-कुएं शान हमारी₹ जैसे नारों और चित्रों के जरिए ग्रामीणों को पारंपरिक जल स्त्रोतों के महत्व के बारे में बताया गया। लेखन के साथ ही संस्था के सदस्यों ने ग्रामीणों से जनसंवाद कर उन्हें पुरानी बावड़ियों की साफ-सफाई करने और वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) अपनाने हेतु प्रेरित किया। टीम का मुख्य उद्देश्य लुप्त हो रहे जल स्त्रोतों का पुनरुद्धार करना और आमजन को जल की बर्बादी रोकने के लिए संकल्पित करना है।

# राष्ट्रीय पशु पालक संघ के बैनर तले पशुपालकों ने एसडीएम के नाम सौंपा ज्ञापन, चोरों के आतंक से मुक्ति की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

राजस्थान से आए ऊंट भेड़ बकरी चराने वाले। इन दिनों। चोरों से बेहद परेशान है लगातार उनके पशु चोरी हो रहे है इतना ही नहीं उन पर हमलों की घटनाओं से भी परेशान पशुपालकों ने सोमवार को एकजुट होकर एस डी एम रोहित बम्होरे अनुविभागीय अधिकारी को राष्ट्रीय पशुपालन संघह्व के बैनर तले ज्ञापन सौंप कर सुरक्षा की मांग की है। बड़ी संख्या में पशुपालक पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित रहे।

ज्ञापन में बताया गया कि सारंगपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों से चोरों के गिरोह सक्रिय हैं, जो 25-30 लोगों के समूह में आकर पशुधन चोरी करने का प्रयास करते हैं। इन घटनाओं से पशुपालकों में भय का माहौल बना हुआ है और उनका जीवन असुरक्षित हो गया है।पशुपालकों का आरोप है कि इस संबंध में स्थानीय थाने में कई बार शिकायत करने के बावजूद न तो रिपोर्ट दर्ज की जा रही है और न ही कोई ठोस कार्रवाई हो रही है। इससे चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि संदिग्ध गिरोह विशेष रूप से निपानिया क्षेत्र की दिशा से आते हैं, जिसकी जांच की मांग की गई है। पशुपालकों ने प्रशासन से मांग की है कि उनकी शिकायत तत्काल दर्ज कर क्षेत्र में सख्त सुरक्षा व्यवस्था की जाए। साथ ही चोरों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर उन्हें जल्द से जल्द पकड़ा जाए, ताकि पशुपालकों को सुरक्षा और न्याय मिल सके। ज्ञापन सौंपते समय पशुपालकों ने ह्लचोरों के आतंक से मुक्ति दिलाओह्व जैसे नारे भी लगाए और प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई। इस दौरान दरमियान नगा राम देवासी उपाध्यक्ष राष्ट्रीय पशुपालक,नेमा राम,समेला राम,भूदा राम सहित पशुपाल उपस्थित थे ।




## मां बिजासन भेसवामाता मंदिर की दान पेटी से 10.15 लाख रुपए निकले



**सारंगपुर।** सोमवार को क्षेत्र के प्रसिद्ध मां बिजासन भेसवामाता मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित दान राशि की गणना की गई। मंदिर परिसर में विधिवत रूप से दान पेटी खोली गई, जिसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई। गणना के दौरान मंदिर की दान पेटी से कुल 10,15,950 रुपए (दस लाख पंद्रह हजार नौ सौ पचास रुपए) की राशि प्राप्त हुई। बड़ी संख्या में मौजूद कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों ने मिलकर नोट और सिक्कों की गिनती की। इस अवसर पर नायब तहसीलदार गौपालसिंह चौहान, प्रभारी राजस्व निरीक्षक रामबाबू देशवाली, हल्का पटवारी के.एल. फूलेरिया, सुरेंद्र भिलाला सहित तहसील सारंगपुर के समस्त पटवारी एवं कोटवार उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना लीमाचौहान का पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा। इसके अलावा बैंक ऑफ इंडिया शाखा लीमाचौहान के प्रबंधक एवं स्टाफ ने भी गणना कार्य में सहयोग किया। प्रशासन की निगरानी में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई।मंदिर समिति के अनुसार यह राशि मंदिर के विकास एवं धार्मिक कार्यों में उपयोग की जाएगी।

# हैदरगढ़ क्षेत्र में रात में आंधी-ओलावृष्टि से भारी तबाही फसलें खेतों में बिछ गई, कच्चे मकानों को भी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले की ग्यारसपुर तहसील के हैदरगढ़ और आसपास के ग्रामीण इलाकों में शनिवार रात मौसम ने अचानक करवट ले ली।

रात करीब 11 बजे तेज आंधी-तूफान के साथ बेर के आकार के ओले गिरने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। खेतों में तैयार खड़ी गेहूं और चने की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज हवाओं और ओलावृष्टि के चलते कई खेतों में खड़ी फसलें जमीन पर बिछ गईं।

जिन किसानों ने फसल काटकर खलिहानों में रखी थी, उनकी उपज भी बारिश और ओलों से भीग गई। इससे अनाज की गुणवत्ता खराब होने और उत्पादन घटने की आशंका बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि इस समय फसल पूरी तरह पककर तैयार थी, ऐसे में यह नुकसान सीधे उनकी सालभर की मेहनत पर पानी फेरने जैसा है।

### 4–5 गांव प्रभावित, सर्वे की मांग

प्राकृतिक आपदा का असर केवल खेतों तक सीमित नहीं रहा। तेज हवाओं से कई कच्चे मकानों के कबेलू उड़ गए, जबकि टीन और फाइबर की चादरें दूर जा गिरीं। घरों की छतों पर रखा सामान भी बिखर गया। ग्रामीणों के मुताबिक, हैदरगढ़ क्षेत्र के करीब 4 से 5 गांव इस आपदा से प्रभावित हुए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र नुकसान का सर्वे कर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है।

## बिजली का तार टूटने से 2 बीघा की फसल खाक

**अहमदपुर।** बिजली की लाइन का तार टूटने से ग्राम अहमदपुर कस्बा में रविवार को किसान उधम सिंह लोधी खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। करीब 2 बीघा की फसल जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया।

## नटेरन पुलिस ने फरार 2 इनामी आरोपियों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज. विदिशा। नटेरन थाना पुलिस ने चार साल से फरार दो इनामी आरोपियों को दबोच लिया। आरोपी जिब्राईल (49) और हैदर खान (25), निवासी ग्राम करमेडी पर दो- दो हजार का इनाम था। पुलिस ने ग्राम करमेडी में घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया।


# माचलपुर में भव्य खाटू श्याम मंदिर निर्माण के लिए समिति गठित, रामबाबू राठौर बने अध्यक्ष

**माचलपुर।** नगर के श्री भोना जी महाराज मंदिर पर आयोजित खाटू श्याम परिवार की विशेष बैठक में भव्य मंदिर निर्माण की रूपरेखा तैयार कर 'श्री खाटू श्याम मंदिर निर्माण समिति' का विधिवत गठन किया गया। विधायक हजारीलाल दांगी द्वारा फाग उत्सव में की गई मंदिर निर्माण की घोषणा के बाद से ही भक्तों में भारी उत्साह है, जिसके चलते सर्वसम्मति से रामबाबू राठौर को अध्यक्ष, राजू जी मारू व अभिषेक सर्राफ को उपाध्यक्ष, भानुप्रताप सिंह चौहान को सचिव, सोनू बंसल को कोषाध्यक्ष, योगेश प्रजापति को सह-सचिव, आकाश राठौर को सह-कोषाध्यक्ष, रामबाबू गुप्ता को प्रचार मंत्री और नितेश मालवीय को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का श्री श्याम दुपट्टा एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया, जहाँ अध्यक्ष रामबाबू राठौर ने अपने संबोधन में प्रत्येक सदस्य को अध्यक्ष के समान महत्वपूर्ण बताते हुए निष्ठा के साथ निर्माण कार्य में जुटने का आह्वान किया। बैठक में हरपाल कुशवाह (सरपंच भगोरी), भगवान सोनी, देवेंद्र सोनी, राकेश पाटीदार, शिवप्रसाद गुजराती और राजेश गौड़ सहित सभी सदस्यों ने उपस्थिति दर्ज कराई, साथ ही मोहन वर्मा, हरपाल सिंह, रामबाबू राठौर और देवेंद्र सोनी द्वारा दान राशि व सामग्री की घोषणा के साथ मंदिर निर्माण हेतु निधि संग्रहण का शुभ शुभारंभ किया गया।



# स्लॉट बुक होने के बाद भी खरीदी नहीं हुई, वेयरहाउस से खाली हाथ लौटे

**जीरापुर।** क्षेत्र में समर्थन मूल्य पर चना-मसूर की खरीदी व्यवस्था पहले ही दिन धड़ाम हो गई। सरकार ने स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया तो शुरू कर दी, लेकिन धरातल पर खरीदी केंद्र तैयार नहीं हैं। सोमवार को कई किसान अपनी उपज लेकर वेयरहाउस पहुंचे, लेकिन वहां समिति प्रबंधक और कर्मचारी नदारद मिले।



### 20 किमी दूर से ट्रैक्टर लेकरआए थे किसान

ग्राम नाईहेड़ा के किसान पूरसिंह किरार (34 क्विंटल चना) और कमल सिंह किरार (12 क्विंटल चना) दो ट्रैक्टरों में अपनी फसल लेकर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति लखोंनी के भगोरा केंद्र पहुंचे थे। किसानों ने बताया कि उनके मोबाइल पर प्राप्त आधिकारिक स्लॉट में 6 अप्रैल से 15 अप्रैल तक का समय दिया गया है। जब उन्होंने केंद्र पर कोई नहीं मिलने पर सेक्रेटरी जगदीश दांगी को फोन किया, तो उन्होंने 10 तारीख के बाद आने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया।

### तहसीलदार के सामने भी नहीं आए जिम्मेदार

परेशान किसानों ने जब तहसीलदार सोलंकी को मामले की जानकारी दी, तो उन्होंने मौके पर ही सेक्रेटरी से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन सेक्रेटरी का मोबाइल बंद मिला। चिलचिलाती धूप में घंटों इंतजार करने के बाद किसानों को भारी किराया चुकाकर वापस लौटना पड़ा। किसानों का कहना है कि एक ओर पोर्टल पर बुकिंग हो रही है और दूसरी ओर केंद्र पर तुलाई से मना किया जा रहा है, इस अव्यवस्था का खामियाजा गरीब किसान भुगत रहा है।

### जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस का हल्लाबोल

# बिजली कटौती व गेहूं समर्थन मूल्य वृद्धि हेतु ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ा

कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची के निर्देशानुसार आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी बोड़ा द्वारा किसानों और आमजन की ज्वलंत समस्याओं को लेकर बिजली विभाग एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से शासन और प्रशासन के सामने निम्नलिखित प्रमुख मांगें रखीं।

गेहूं खरीदी की व्यवस्था सुचारु करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि करने की मांग। अघोषित बिजली कटौती बंद करने, किसानों पर की जा रही मनमानी वसूली और पंचनामा बनाने की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग। साथ ही, अत्यधिक बिजली बिल और गांवों की लाइट काटने जैसी समस्याओं का निराकरण करने पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन के बंद किए गए आवेदनों को पुनः शुरू करने की मांग की गई ताकि गरीब परिवारों को योजना का लाभ मिल सके।



### नेताओं ने घेरा प्रशासन

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में किसान और आम जनता बिजली विभाग की मनमानी और सरकार की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त है। यदि शीघ्र ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो कांग्रेस उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

### प्रदर्शन में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष गोविंद सिंह गुर्जर, जिला महासचिव संगठन प्रभारी राधेश्याम सोमतिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि घनश्याम राजपूत, जिला पंचायत सदस्य राजेश रातलिय, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रहलाद राजपूत और ब्लॉक अध्यक्ष लखन रुहेला प्रमुख रूप से उपस्थित थे। साथ ही प्रदेश महासचिव अभिनव पंचोली, शहर अध्यक्ष अशोक यादव, पूर्व पार्षद हीरालाल, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष गिरिराज रुहेला, मंडलम अध्यक्ष प्रदीप जैन, मनीष जाट, मोहन चंद्रवंशी, राहुल गुर्जर, प्रदीप राजपूत, कैलाश बना, भगवान सिंह राजपूत, विक्रम रुहेला सहित पार्षद तेज सिंह यादव, सोनू पुष्पद, मुकेश सिसोदिया, विष्णु मालवीय, भगवान सिंह नागर, देवेन्द्र राणा, संजू राठौड़, राधेश्याम सेकेट्री, गिरराज राजपूत, ईश्वर राणा, देवेन्द्र बना, बिट्टू बना, सतीश चंद्रवंशी, होकम गुर्जर, लाला पन्या और देवेन्द्र धांगर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### क्षत्रिय राजपूत महासभा ने दिया ज्ञापन

**सीहोर।** क्षत्रिय राजपूत महासभा ने अशोका गार्डन भोपाल में असामाजिक तत्वों के द्वारा की गई हत्या की घटना के विरोध में मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन दिया। क्षत्रिय राजपूत महासभा द्वारा मृतक विजय सिंह राजपूत की हत्या करने वाले मुख्य आरोपी आसिफ उर्फ बम एवं उसके सभी सहयोगियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने और मृतक की पत्नी रेखा राजपूत को शासकीय नौकरी प्रदान करने की मांग की गई। क्षत्रिय राजपूत महासभा ने कहा कि हत्या की घटना अत्यंत दुःखद एवं निंदनीय है। देखा जा रहा है कि विशेष वर्ग के असामाजिक तत्वों द्वारा एक चिंताजनक प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया जा रहा है। असामाजिक तत्व अपने हाथों में चाकू, छुरा जैसे घातक हथियार लेकर घूमते दिखाई दे रहे हैं। यह स्थिति समाज की शांति एवं सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। पुलिस के द्वारा आरोपी आसिफ उर्फ बम को हाफ नहीं पूर्ण एनकांउटर करना चाहिए। जिससे की समाज में असमाजिक तत्वों का खौफ समाप्त हो और अवैध रूप से हथियार रखने वाले व्यक्तियों की सघन जांच कर एवं कार्यवाही की जाए। इस प्रकरण को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाकर शीघ्र न्याय सुनिश्चित किया जाए और स्वर्गीय विजय सिंह राजपूत की पत्नी रेखा राजपूत की दोनों बच्चियों उमिका और यति की शिक्षा की संपूर्ण व्यवस्था शासन के द्वारा केंद्रीय विद्यालय जैसी संस्थाओ में की जाए। पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक सहायता एवं सुरक्षा प्रदान की जाए। ज्ञापन देते समय विजेंद्र सिंह सिसोदिया्र दीपक सिंह परिहार, राजा सिंह गोहिल,अनमोल सिंह राजपूत, दुर्गेश सिंह राजपूत सहित अन्य उपस्थित थे।

### नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा की अध्यक्षता में लाभ का बजट प्रस्तुत

# नागरिकों के मनोरंजन का रखा ध्यान रोजगार के अवसर को भी शामिल किया

बजट बैठक में नगर विकास के कई बिंदुओं को सर्वसम्मति से पारित कर नगर विकास में अपना सहयोग प्रदान किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




नगरपालिका परिषद का साधारण सम्मेलन नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा की अध्यक्षता एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नपाउपाध्यक्ष सिद्दीका भूरू खां, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति तथा पार्षदों की विशेष उपस्थिति में नगरपालिका के परिषद सभागार में संपन्न हुआ। बजट की बैठक में परिषद ने नगर विकास के लगभग दो दर्जन बिंदुओं को सर्वसम्मति से पारित कर नगर के सर्वांगिण विकास में अपना सहयोग प्रदान किया। गत वर्ष के अनुसार ही करों एवं शुल्कों की दरों का प्रावधान किया गया है। नगर के सभी 18 वार्डो में आवश्यकतानुसार सड़कक, नाली, पार्वतीी घाट सौंदर्यीकरण, तालाब संरक्षण व सुधार तथा सार्वजनिक शौचालय निर्माण के प्रावधान बजट में रखे गए है।

### 3 लाख 26 हजार 317 की बचत

वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्ताव मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने परिषद के सभी सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसमें आगामी बजट 2026-27 में अनुमानित 276 करोड़ 52 लाख 7 हजार 317 रूपये की आय एवं 276 करोड़ 48 लाख 81 हजार रूपये का अनुमानित व्यय होना संभावित है। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट लाभ का बजट प्रस्तुत हुआ, जिसमें 3 लाख 26 हजार 317 रूपये की बचत हुई।

### यह हुए निर्माण कार्य

मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 बजट में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, आवास अटल कॉलोनी में विद्युतीकरण, अमृत 2.0 अंतर्गत नगर में पेयजल सुधार हेतु नवीन पाईप ओवरहेड टैंक निर्माण, रामपुरा डेम से आष्टा नगर तक पाईप लाईन से पानी लाने हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य, बाउंड्रीवाल निर्माण, मुख्यमंत्री कायाकल्प योजनांतर्गत नगर में बीटी रोड़ निर्माण आदि शामिल है।

### नवीन दुकानों का निर्माण

नगर में रोजगार के अवसरों में वृद्धि हेतु फायर स्टेशन के पास आवासीय परिसर में नवीन दुकानों के निर्माण, आवास कॉलोनी में शॉपिंग कॉम्पलेक्स निर्माण, रेस्ट हाउस के सामने स्थित रिक्त भूमि पर नवीन दुकानों का निर्माण को भी प्राथमिकता दी गई है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत गंदे पानी की रिसायक्लिंग हेतु लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निर्माण, एमआरएफ प्लांट की स्थापना, नागरिक सुविधा हेतु वृद्धाश्रम, संजीवनी क्लीनिक एवं आंगनबाड़ी का निर्माण कार्य शामिल है।

### पार्क निर्माण, संगम घाट सौंदर्यीकरण

बजट बैठक में जहां निर्माण कार्यो को सम्मलित किया, वहीं नगरवासियों के मनोरंजन का ध्यान रखते हुए एवं पर्यावरण सुरक्षा का ख्याल रखते हुए प्राकृतिक पार्क निर्माण, संगम घाट सौंदर्यीकरण, पार्वती नदी डाउन स्ट्रीम विकास शामिल है। साथ ही जनसुविधा हेतु ट्रेक्टर, जेसीबी वाहन एवं कचरा संग्रहण के लिए एक अतिरिक्त नवीनल वाहन क्रय किया जाना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त एलम, ब्लीचिंग, फिनाईल क्रय, जल प्रदाय पाईप लाईन मरम्मत व संधारण हेतु भी राशि का समावेश किया गया है। वहीं हाथ कचरा गाड़ी, झाड़ू, पंजर, गेदी, फावड़े, चूना आदि क्रय के साथ-साथ वाहन मरम्मत तथा वाहन संचालन हेतु डीजल क्रय की राशि का भी प्रावधान किया गया है।

### बैठक में यह रहे उपस्थित

बैठक में नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, उपाध्यक्ष सिद्दीका भूरू खां, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति, पार्षदगण डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, राजकुमार मालवीय, हिफ्फजुर्रहमान भैया मियां, राशिदा अनवार हुसैन, मेहमूद अंसारी, आरती नामदेव, नूरजहां शेख रईस, तस्कीन बी अतीक कुरैशी, जाहिद गुड्डु, तारा कटारिया, तेजसिंह राठौर, रवि शर्मा, अंजनी चौरसिया, लता तेजपाल मुकाती, सहायक यंत्री आकाश गोयतर, लेखापाल अनिरूद्ध नागर सहित नपा के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

# विधायक ने दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाया

उचित उचार करने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मप्र भाजपा के स्थापना दिवस व सीहोर जिला भाजपा के कार्यालय के भूमिपूजन कार्यक्रम में भाग लेने सीहोर जा रहे आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा कोठरी के बीच कोठरी ग्राम के पहले सीहोर मार्ग पर दो बाइक के टकराने के बाद घायल बाइक सवार हाईवे पर पड़े थे, जैसे ही विधायक इंजीनियर ने सड़क पर घायलों को देखा तत्काल अपना वाहन रुकवाया ओर घायलों से चर्चा कर उनके नाम, पते घटना का कारण आदि की जानकारी ली, 108 के आते ही सभी को 108 में बैठाया ओर सिविल अस्पताल रवाना किया। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सीहोर रवाना होने के पूर्व सिविल अस्पताल के डॉक्टरों को सूचना दी, निर्देश दिये कि घायल पवित्रा बाई, बाबू पूरी, सूरज पूरी, विक्की को अस्पताल रवाना किया है, सभी को तत्काल समुचित उचित इलाज किया जाए।

### कराते परीक्षा में बच्चों को मिला कलर बेल्ट





**आष्टा।** मास्टर आफ ताऊ एसोसिएशन द्वारा बजरंग कालोनी सोहोर में कराटे बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। कोच पंकज चौधरी ने बताया कि इन बेल्टों के लिए बच्चों ने एक साल तक कड़ी मेहनत की थी। जिसमें इशिता रणकौशल, श्लोक जामलिया, आदर्श वर्मा, वैभव गयांदा ने ग्रीन बेल्ट और प्रिंस महेश्वरी ने ऑरेंज बेल्ट और अश्विनी तिवारी यलो बेल्ट प्राप्त किया। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, नगर पालिका अध्यक्ष हेम कुंवर राय सिंह मेवाड़ा, नगर पंचायत कोठरी अध्यक्ष नगीना राधेश्याम दलपति, पार्षद मनीषा दिनेश चौधरी ने उपलब्धि पर बधाई दी।

# नगर भाजपा ने मनाया भाजपा का स्थापना दिवस कार्यकर्ताओं ने घरों पर लगाए भाजपा के झंडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

6 अप्रैल 1980 को स्थापित हुई भारतीय जनता पार्टी ने आज अपने 47 वे बसंत में प्रवेश किया। आज नगर भाजपा ने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के मुख्य आतिथ्य में विधायक कार्यालय बूथ क्र 165 पर भारतीय जनता पार्टी का 47 वा स्थापना दिवस मनाया। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, सुशील संचेती, विशाल चौरसिया,मोहित सोनी, अर्जुन ठाकुरजगदीश खत्री, सुमित मेहता,सौरभ जैन,कृष्णा शर्मा सहित सभी कार्यकर्ताओं ने भारत माता, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उनेह याद किया। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कार्यालय एवं अपने निवास पर भाजपा का झंडा लगाया। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कार्यालय पर ध्वज फहरा कर सभी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को स्थापना दिवस की बधाई शुभकामनाएं दी।



# किसानों के हक में सड़कों पर उतरी कांग्रेस, चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आष्टा के नेतृत्व में आज किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक विशाल पैदल मार्च निकाला गया। यह मार्च ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय कन्नौद रोड से प्रारंभ होकर तहसील कार्यालय आष्टा तक पहुंचा, इस मौके पर कांग्रेसजन गेंहू की बोरी लेकर तहसील परिसर पहुँचे, और गेंहू खरीदी जल्दी करने की माँग की ,जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं किसानों ने भी जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री राजीव गुजराती जी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर मैमदाखेड़ी सहित जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, किसान कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एससी, एसटी एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।पैदल मार्च के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए किसानों की प्रमुख मांगों को जोर-शोर से उठाया।

ज्ञापन में गेहूं तुलाई की तिथि बार-बार बढ़ाए जाने पर विरोध जताते हुए तुलाई प्रक्रिया को सुचारू एवं समयबद्ध करने की मांग की गई। साथ ही सहकारिता समितियों द्वारा ऋण वसूली की अंतिम तिथि 15 मई तक बढ़ाने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई।इस दौरान अपने संबोधन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री राजीव गुजराती जी ने कहा कि "किसानों के साथ लगातार अन्याय किया जा रहा है। सरकार की गलत नीतियों के कारण किसानों को परेशान होना पड़ रहा है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस सड़कों पर बड़ा आंदोलन करेगी।"वहीं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह मेमदाखेड़ी ने कहा कि "किसान आज अपने हक के लिए भटक रहा है, जबकि सरकार सिर्फ तारीख पर तारीख दे रही है। कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी है और उनके हक की लड़ाई अंत तक लड़ेगी।"पैदल मार्च में बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को प्रभावी बना दिया और प्रशासन तक उनकी आवाज मजबूती से पहुंचाई गई।

ज्ञापन का वाचन सोभालसिंह बागेर द्वारा किया गया एवं आभार प्रकट एडवोकेट प्रहलाद सिंह खड़ी द्वारा किया गया।इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मीना सिंगी, सोभालसिंह बागेर, सोभालसिंह मुगली, अरविंद सिंह सेमली, जिला पंचायत सदस्य कमलसिंह चोहान, रमेशचंद्र मुकाती, सुनील सेठी, विनीत सिंघी, इदरीस मंसूरी, भैया एमपी, सुरेन्द्र परमार, किसान काँग्रेस जिला अध्यक्ष जगदीश चौहान, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष घनश्याम जांगड़ा, एचआर परमाल, सिद्दीकगंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजाराम मालवीय, शांतिलाल मंडलोई, बनपसिंह पटेल, चेतनसिंह सेमली, रतनसिंह ठाकुर, जीवनसिंह ठाकुर, सूरजसिंह पटेल, चंदरसिंह ठाकुर, तौसीफउद्दीन, फ़ैज़ूदीन, प्रदीपसिंह भाटी, कृपाल मालवीय, अखिलेश राजपूत, राहुल मेवाडा, रामचरण दवारिया, पंकज मुकाती, अमित पटेल, लोकेन्द्र सिंह भाटी, गोरे मियाँ, संदीपसिंह ठाकुर, एलकार मेवाड़ा,दिलीप शर्मा, कृपाल ठाकुर, बंशी बांबे, रूपसिंह गोरिया, गुड्डू मैना, रवीन्द्र नौगांव, मनोज मुकाती, हरि मेवाडा, तेजसिंह जवारिया, स्वरूप जवारिया, श्याम पटेल, गुलाबसिंह, शैलेंद्र ठाकुर, कमल सेठ, खालिद खाकी, दौलतसिंह, विलास जाट, गीतमसिंह, महेश वर्मा, महेश सेवदा, अशोक मंडलोई, हरिओम ठाकुर, बिट्टू ठाकुर, दिव्यांश भाटी, अजय बापचा, बबलू शर्मा, अनिल धनगर, हरि ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, राहुल ठाकुर, यशवंत मालवीय, देवराज मालवीय, चक्रेश ठाकुर, दौलतसिंह ठाकुर, जोगेन भाटी, राजपाल ठाकुर, शंकर सक्सेना, कल्याण सिंह ठाकुर, महेश वर्मा, भारत पटेल, अनिल जाट, जसपाल ठाकुर, शंकर बोडाना, दौलतसिंह ठाकुर, रमेश विश्वकर्मा, आशुतोष नामदेव, दिनेश मालवीय आदि उपस्थित थे।




# किसानों और आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण कराने कांग्रेस कल सौंपेगी मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



गेहूं खरीदी में हो रही देरी एवं किसानों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ किसानों की आवाज बुलंद करने एवं किसानों व आम नागरिकों को न्याय दिलाने के लिये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतु पटवारी के निर्देशानुसार पर भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के विरोध में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में 9 अप्रैल को दिन गुरुवार को सीहोर जिला कांग्रेस कार्यालय से सुबह 11 बजे जिले भर के किसान, कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भारी संख्या में शामिल होगें, जो रैली के रूप में सीहोर जिला कलेक्ट्रेट का घैराव कर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र सौंपा जावेगा, जिसमें गेहू खरीदी तुरंत शुरू हो, एमएसपी पर खरीदी सुनिश्चित की जाए, किसानों को समय पर भुगतान मिले, मंडी में बिक गए गेहू पर भावांतर का लाभ दिया जाए, खरीदी केंद्रों पर उचित व्यवस्था हो, बिजली बिल में राहत दी जाए। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने जिले के सभी किसान बंधुओं, कांग्रेस कार्यकर्ता गण, वरिष्ठ नेता गण, समन्वय समिति के सदस्य गण, जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, किसान कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एससी,एसटी,पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ समस्त विभाग एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं आम नागरिकों से अपील है कि इस आंदोलन में शामिल होकर अपने अधिकार की आवाज़ बुलंद करें। श्री गुजराती ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सहकारी संस्थाओं से किसानों का ऋण वसूलने की अंतिम तारीख़ 31 मार्च निर्धारित की थी कि सरकार के कुप्रबंधन के कारण लगभग 50 प्रतिशत किसान डिफाल्टर हो गए हैं। वसूली की तारीख बढ़ाई जाए। पराली नष्ट करने के तकनीकी तरीके किसान को बताया जाए अन्यथा पराली जलने पर किसान को शासन द्वारा परेशान नहीं किया जाए ना ही मुकदमे दर्ज किए जाए।

# बिजली कंपनी और इलेक्ट्रिक पीडब्ल्यूडी की उदासीनता से नहीं हट पा रहे बिजली पोल

### जावर कजलास रोड निर्माण कार्य मे बिजली पोल बन रहे बाधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



जावर तहसील क्षेत्र अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा जावर से कजलाश बिसुखेड़ी रोड़ निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमे कुछ जगह बिजली लाईन व पोल सड़क किनारे स्थित है जो की वर्तमान में की जा रही सड़क निर्माण कार्य में आड़े आ रहे मामले को लेकर कई बार विभाग को सूचना दी गई कि समय रहते पोल हटा दिए जाए कुछ स्थानो पर तो ठेकेदार द्वारा आसपास सड़क निर्माण कार्य ही शुरू कर दिया है पिछले 4, 5 महीने निर्माण कार्य चल रहा है लेकिन हालत ज्यो की त्यों बनी हुई हैं इलेक्ट्रिक पीडब्ल्यूडी एवं बिजली कम्पनी के अधिकारियों की उदासीनता के चलते अटका कार्य नागरिकों का कहना है कि पोल नही हटे तो यहाँ भविष्य में बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते है मामले को लेकर लोकनिर्माण विभाग के एसडीओ अनमोल मिश्रा से बात हुई तो उनका कहना है इलेक्ट्रिक पीडब्लूडी विभाग को हमारी तरफ से जानकारी दी जा चुकी है कि जहाँ जहाँ लाइन एवं पोल से उसे हटवा दिया जाए ताकि निर्माण कार्य मे कोई समस्या नही हो सके लेकिन पोल नही हटने के कारण निर्माण में समस्या आ रही है और बारिश पहले सड़क का निर्माण कार्य भी पूर्ण करवाना जरूरी है नही तो क्षेत्र के लोगो के सामने आवागमन के दौरान बड़ी समस्या आ सकती है। वही मामले को लेकर इलेक्ट्रिक पीडब्लूडी विभाग के एसडीओ अजय सिंह का कहना ही कि हमारे द्वारा करीब 6 महीनों से बिजली कम्पनी के अधिकारियों से एस्टीमेट मांगा जा रहा लेकिन आज तारीख तक नही दिया गया है जिसके चलते पोल शिफ्टिंग नही हो रहे है आज भी मेरे सब इंजीनियर जावर कजलास रोड़ पर ही गए हुए है। सम्बंधित मामले को लेकर तहसीलदार जावर ओमप्रकाश चोरमा का कहना है कि जानकारी मिलने पर मेरे द्वारा तत्काल लोकनिर्माण कम्पनी के एसडीओ अनमोल मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बिजली कम्पनी के साइड दिक्कत हो रही है एस्टीमेट नही आया है अभी तक और पोल शिफ्टिंग का कार्य पीडब्ल्यूडी का इलेक्ट्रिक विभाग देखता है एवं बिजली कम्पनी के डिवीजन अधिकारी रमेश सिंह आष्टा से भी मोबाइल पर बात की गई तो उनका कहना है कि हमारे द्वारा बिजली कार्यालय सीहोर को स्टीमेट भिजवा दिया है।

# सिविल लाइन थाने का नए स्थान पर निर्माण होना है, सामाजिक कार्यकताओं ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर से दूर स्थित प्राचीन मेढकी वाटर वर्क्स बावड़ी और धार्मिक स्थल को बचाने के लिए हिंदू समाज ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सिविल लाइन थाने के निर्माण को तुरंत रोकने की मांग की। सामाजिक कार्यकर्ता अनिल सिंह ठाकुर ने बताया कि शहर की यह अति प्राचीन बावड़ी खतरे में है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि इसकी साफ-सफाई की जाए तो इसमें आज भी पर्याप्त पानी उपलब्ध है।

परिसर में एक प्राचीन आंकड़े के पेड़ से गणेश जी की प्रतिमा निकली थी, जिसके बाद एक भक्त ने मंदिर की स्थापना की। प्रत्येक बुधवार को श्री गणेश मंदिर में पूजा-पाठ और भजन होते हैं।विगत कुछ दिनों से मेढकी बावड़ी के आसपास मिट्टी एकत्रित कर उसे बावड़ी में डालने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह प्राचीन धरोहर को समाप्त कर सिविल लाइन थाना बनाने की तैयारी है। मेढकी चक और आसपास की कॉलोनियों के निवासियों को जैसे ही इसकी जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

